प्रदेश के शहरों में प्रारंभ होंगे गोबर-धन प्रोजेक्ट

चर्चा में क्यों?

26 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में गोबर-धन प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय के गोबर को क्रय करने की व्यवस्था की जाएगी। गाय के गोबर का उपयोग बड़े पैमाने पर गो-काष्ठ के निर्माण में किया जाता है। इसे प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे गो-पालकों को भी राशि प्राप्त होगी।
- गुजरात सहित अन्य राज्यों में गो-संवर्धन और गो-संरक्षण के प्रयोगों का अध्ययन कर मध्य प्रदेश में नवीन कार्यों की शुरुआत की जाएगी। गो-शालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिये भी ठोस प्रयास किये जाएंगे।
- आमजन को गाय और सड़क पर विचरण करने वाले अन्य पशुओं की देखभाल के प्रति जागरूक करने का कार्य भी किया जाएगा। गाय के गोबर और गो-मूत्र से आय होने पर आम नागरिक गो-पालन के लिये प्रेरित होगा।
- मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि इंदौर में गोबर-धन योजना में पीएनजी संयंत्र के संचालन के सफल प्रयोग को अन्य स्थानों तक ले जाया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gobar-dhan-projects